महत्वपूर्ण एवं खास

अज्ञात पुरूष का शव मिला

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतरारोड थाना अंतर्गत ग्राम जोरापाली के पास एक अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 45-50 वर्ष का शव मिला। अज्ञात मृतक के दाहिने हाथ में भोलाराम लिखा हुआ है तथा मृतक नीले रंग का हाफ पेंट पहना हुआ था। थाना कोतरारोड़ में मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक के वारिशानों की पतासाजी की जा रही है।

डम्फर वाहन पेड़ से टकराई

चालक स्टेरिंग में फंसकर गंभीर रूप से घायल

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ रोड पर ग्राम सालर के पास तेज रफ्तार डंपर के पेड से टकरा जाने के कारण वाहन चालक बुरी तरह स्टेरिंग में फंस गया, जिसे पुलिस जवानों की मदद से बाहर निकाला गया। आहत का उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीति रात करीब 01:18 बजे डॉयल 112 सारंगढ़ राइनो को ग्राम सालर (चौकी कनकबिरा) के पास रोड़ एक्सीडेंट का इवेंट मिला । आरक्षक देवनारायण भगत थाना सारंगढ़ राइनो वाहन लेकर मौके पर पहुंचा । जहां वाहन क्रमांक सीजी 13 एए 1511 का चालक तेज गति से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे नीम के पेड़ को ठोकर मार दिया था जिससे चालक स्टेरिंग में बुरी तरह फंसा हुआ था। आहत ड्राइवर को आरक्षक देवनारायण भगत लोगों की मदद से वाहन से बाहर निकाल कर 108 संजीवनी वाहन से अस्पताल पहुंचाया है, जहां उसका उपचार जारी है।

सूने मकान में चोरों का धावा, नकदी सहित हजारों का सामान पार

न्याय साक्षी/रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम केनाभांठा बंजारा मोहल्ला के एक सूने मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने घर में रखे करीब 20 हजार नकदी सहित 48 हजार का सामान पार कर दिये। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने धारा 457,380 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी खरसिया अन्तर्गत ग्राम केनाभांठा बंजारा मोहल्ला में रहने वाला प्रदीप कुमार चन्द्रा पिता सेवकराम चन्द्रा ईट भट्ठा में मजदूरी कर वहीं पर रहता है, इसके केनाभांठा के घर में इसका भाई सत्यनारायण चन्द्रा रहता है । दिनांक 16.05.19 को सत्यनारायण चन्द्रा घर में ताला लगाकर शादी कार्यक्रम में गया था । तब 16 मई की शाम 04 बजे प्रदीप चन्द्रा अपने घर केनाभांठा पंहुचा तो देखा घर का ताला खुला था तथा अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े हुये थे । घर के सामान को चेक करने पर 06 कट्टा धान, 01 नग खाली स्लेण्डर, 02 नग साड़ी, 02 नग सलवार सूट, सोने का 03 माशा का हार, नगदी 20,700/रू. कांसा की थाली एवं लोटा, जुमला 48,700/ रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था । चोरी की रिपोर्ट 20 मई को प्रदीप कुमार चन्द्रा द्वारा पुलिस चौकी खरसिया में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 218/19 धारा 457,380 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुत्र ने वृद्ध मां की टांगी मारकर की हत्या

शंकरपाली की घटना, जमीन विवाद का दुखद परिणाम

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना पुसौर अन्तर्गत ग्राम शंकरपाली में रहने वाली श्रीमती सोनमति महंत उम्र करीब 75 वर्ष और उसके पुत्र कुलकित महंत उम्र 59 वर्ष के बीच काफी दिनों से जमीन संबंधी विवाद चला आ रहा था । 20 मई की शाम सोनमति महंत को घर पर अकेली पाकर कुलकित महंत सिर में टांगी से मारकर उसकी हत्या कर दिया। घटना की रिपोर्ट थाना पुसौर में मृतिका का नतनीन दामाद अच्छे दास महंत द्वारा दर्ज कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शंकरपाली में रहने वाला रेशम लाल महंत, कुलकित महंत को गोदनामा में लेकर पालन पोषण किया । कुलकित महंत अपने पिता की काफी जमीन बिक्री कर दिया था इसी कारण कुलकित एवं उसके माता-पिता के बीच झगड़ा विवाद होता रहता था । कुलकित की मां सोनमति अपने नतनीन श्रीमती लता महंत और नतनीन दामाद अच्छे दास के साथ रहती थी । इसके घर के बाजू में कुलकित दास महंत अपने परिवार के साथ सहित रहता था । 20 मई की शाम करीब 05 बजे अच्छे दास अपनी पत्नि लता के साथ मोटर सायकल पर ग्राम बघनपुर रिस्तेदारी में गया था , रात्रि लगभग 08:30 बजे दोनों घर वापस आये तब देखे इनके कमरे का दरवाजा टिका हुआ था जिसे खोलकर अंदर आये तो इसकी दादीसास सोनमति फौत होकर औधामुंह के बल खुन से लतपथ पडी हुई है, जिसके सिर में दाहिना कान में चोट था । कुलकित महंत जमीन विवाद को लेकर उसकी मां की टांगी मारकर हत्या करने की रिपोर्ट पर थाना पुसौर में कुलकित दास महंत के विरूद्ध धारा 302 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

पुलिसकर्मियों ने ली आतंकवाद व हिंसा का विरोध करने की शपथ

न्याय साक्षी /रायगढ़ । आज प्रातः 11 बजे पुलिस कार्यालय परिसर में कार्यालयीन स्टाफ को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के आतंकवाद व हिंसा का पूर्ण रूप से विरोध करने तथा मानव जीवन को खतरा पहुंचाने वाले विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई गई । 21 मई को देश में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है । इसी परिप्रेक्ष्य में जिले के सभी थाना चौकियों में भी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर मुकाबला करने और मानव जीवन को खतरा पहुंचाने वाले विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लिये।

खाना बनाने के दौरान कुकर फटा , छात्रा झुलसी, जिला अस्पताल में भर्ती

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र के ग्राम उसरौट में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया जब सुबह सेकंड ईयर की छात्रा लक्ष्मीन अपने घर मे कुकर में खाना बना रही थी तभी अचानक चूल्हे पर चढ़ा कुकर फट गया जिसके चलते छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के तुरंत बाद छात्रा के परिजनों ने जिला अस्पताल में उसे भर्ती कराया जहां छात्रा का इलाज चल रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उसरौट में रहने वाली सेकंड ईयर की छात्रा लक्ष्मीन पिता महेश राम सिदार जो रायगढ़ के पीडी कॉलेज में अध्ययनरत है आज सुबह अपने घर में चूल्हे में कुकर रखकर दाल पका कर घर में अन्य काम कर रही थी तभी काफी देर तक कुकर की सीटी नहीं बजने पर जाकर देखी तो अचानक से प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया ।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों की ली बैठक

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों की बैठक लेकर मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 23 मई को प्रातः 8 बजे से किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी रेंगालपाली रोड गढ़उमरिया रायगढ़ प्रारंभ होगी। जशपुर जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर गम्हरिया में संपन्न की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 19-धरमजयगढ़ के लिए 14-14 टेबल की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़, 17-सारंगढ़ एवं 18 खरसिया के लिए मतगणना हेतु 21-21 टेबल की व्यवस्था करायी गई है। कलेक्टर ने राजनीतिक प्रत्याशियों को बताया कि संपूर्ण संसदीय क्षेत्र 2 रायगढ़ (अजजा) के डाकमत पत्र की गणना की जाएगी। डाकमत पत्र गणना के लिए 12 टेबल निर्धारित किया गया है। 23 मई को स्ट्रांग रूम खुलने के पश्चात प्रातः8 बजे से डाकमत पत्रों की गणना की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डाकमत प्रारंभ होने के 30 मिनट पश्चात ईव्हीएम में डाले गए मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी।

मेरिट सूची में आने वाले जिले के 9 विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कक्ष में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी लगन, मेहनत, दृढ़ निश्चय से विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है और जिले का नाम रोशन किया है। आगे निरंतर बढ़ते रहिए और अपने लक्ष्य तक पहुंचिये। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 10 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर से बेटियों ने रायगढ़ जिले का गौरव बढ़ाया है। कलेक्टर ने सभी बच्चों से उनके अनुभव जाने और बच्चों ने अनुभव साझा करते हुए अपना उद्देश्य बताया। उन्होंने सार्थक सफलता के लिए बच्चों के शिक्षकों को भी अपनी शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टॉपटेन में रायगढ़ जिले के बच्चों ने शानदार सफलता अर्जित की है। इनमें अभिनव विद्या मंदिर पुसौर कक्षा 10वीं की छात्रा कु. निशा पटेल ने 99.33 प्रतिशत अर्जित करके प्रावीण्य सूची में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही है। निशा पटेल 7-8 घंटे कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य तक पहुंची है और आगे डॉक्टर बनना चाहती है। उनके पिता कृषक है। जिंदल आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर की कु.रानी भगत कक्षा 10 वीं में 97.67 प्रतिशत के साथ चौथे रेंक पर रही है और डॉक्टर बनना चाहती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्गदर्शन बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियों की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480